Seat No.

No. of printed pages: 03

[A-49]

SEAT No.________

SARDAR PATEL UNIVERSITY

No. of Printed Pages : 03

S.Y.B.A. (EXTERNAL) EXAMINATION

11 APRIL 2019, THURSDAY

02.00 TO 05.00 P.M.

HIN-203 HINDI LITERATURE (PRIN. & SUB.)

PAPER- III , आधुनिक हिंदी काव्य

Total Marks: 100

सुचना – हिंदी में शिरोरेखा अनिवार्य है |

प्रश्न – १ .सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए | (१६)

(क) विद्या मधुर सहकार करती सर्वथा कटु-निम्ब को,
विद्या ग्रहण करती कलों से शब्द को, प्रतिबिम्ब को,
विद्या जड़ों में भी सहज ही डालती चैतन्य है,
हीरा बनाती कोयले को, धन्य विद्या धन्य है |

अथवा

यह नफरत की बारूद न बिसराओ साथी
यह युद्धों का जहरीला नारा बन्द करो ,
जो प्यार तिजोरी सेफों में है तडप रह
उसके बन्धन खोलो उसको स्वच्छन्द करो |

(ख) कंधों को रहने दो हमेशा इस यकीन के काबिल
कि सिर टिका कर कोई रो सके उन पर जी भर
अपने कंधों में किसी शर्म को जगह मत दो
यह जगह सिर्फ उन फरिस्तों के लिए है
जो रात-दिन रखते हैं
तुम्हारी नेकी और बदी का हिसाब |

अथवा

सख्त हाथों पर पड़ी खरोंचें
रिसते लहू के साथ
विरासत में दी गई हैं
ढेर –सी यातनाएँ
जो उगानी हैं मुझे इस धरती पर
हरे-नीले-लाल फूलों में |

प्रश्न -२ पठित कविताओं के आधार पर जयशंकर प्रसाद की काव्यकला को उद्घाटित कीजिए | (१६)

(P.T.O)

अथवा

प्रश्न -२ पठित कविताओं के आधार पर महादेवी की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए |

प्रश्न – ३ नागार्जुन की कविताओं ने आधार पर उनकी काव्यकला को उद्घाटित कीजिए | (१६)

अथवा

पठित कविताओं के आधार पर रघुवीर सहाय की कविताओं के काव्य-सौन्दर्य को उद्घाटित कीजिए |

प्रश्न – ४ निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : (किन्हीं दो) (१६)

(१) 'लक्ष्मण-उर्मिला मिलन' काव्य में प्रेम की उद्दात्तता

(२) मैं पलकों में पाल रही हूँ – कविता का भावार्थ

(३) 'प्रतिबद्ध हूँ' कविता का उद्देश्य

(४) कहते हैं मुझको – कविता की मूल संवेदना

प्रश्न – ५ निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : (किन्हीं दो) (१६)

(१) हरिवंशराय बच्चन की काव्यगत विशेषताएँ

(२) 'सरोज स्मृति' काव्य की मूल संवेदना

(३) जंगल का दर्द – कविता का केन्द्रीय भाव

(४) 'जन तंत्र का जन्म' – कविता का भावार्थ

प्रश्न – ६ निम्नलिखित प्रश्नों के एक एक वाक्य में उत्तर लिखिए | (२०)

(१) मैथिलीशरण गुप्त के प्रसिद्ध महाकाव्य का एक नाम बताइए |

(२) सूर्यकान्त त्रिपाठी का उपनाम क्या है ?

(३) 'कामायनी' महाकाव्य के कवि कौन है ?

(४) सुमित्रानंदन पन्त रचित प्रसिद्ध महाकाव्य कौन-सा है ?

(५) छायावाद के प्रसिद्ध कवियों ने नाम बताइए |

(६) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है ?

(७) प्रगतिवादी कवियों की मूल विचारधारा किस दार्शनिक के विचारों से प्रभावित है ?

(८) नीरज के प्रसिद्ध गीत का शीर्षक लिखिए |

(९) 'नही मिला' गीत किस पीड़ा की बात करते हैं ?

(१०) वैद्यनाथ मिश्र का उपनाम क्या है ?

(११) किस कवि को आधुनिक साहित्य का कबीर कहते हैं ?

(१२) भारत सरकार ने नीरज को किस पुरस्कार से सम्मानित किया ?

(१३) 'रुंधे हुए शब्द' कविता का मूल भाव क्या है ?

(१४) ओमप्रकाश वाल्मीकि कौन-सी चेतना से जुड़े हुए हैं ?

(१५) राजेश जोशी के किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए |

(१६) राजा की रक्षा – कविता का मूल भाव क्या है ?

(१७) नीरज की कविताओं के मुख्य भाव कौन-से हैं ?

(१८) नागार्जुन रचित प्रसिद्ध खंडकाव्य कौन-सा है ?

(१९) 'भारत-भारती' महाकाव्य के कवि कौन है ?

(२०) मैथिलीशरण गुप्त के महाकाव्यों की मूल चेतना कौन-सी है ?

समाप्त

—X—

③